Increased Corruption Cases in MCs

***45 Sh. CHIRANJEEV RAO (Rewari)**

Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that the corruption has been increased in the Municipal Councils of the State during the last nine years;

b) the steps taken by the Government to decrease corruption in the State; and

c) the number of cases of corruption registered by the Government in Rewari Municipal Council during the last 8 years?

DR. KAMAL GUPTA, URBAN LOCAL BODIES MINISTER

a) No, Sir.

b) To prevent any occurrence, State Government has established institutional mechanism to check the misuse of authority. Further, prompt action is taken against officials on any complaint related to corruption.

c) As per the report of Municipal Council Rewari, only one case has been registered against its officials by Anti-Corruption Bureau, Gurugram vide FIR No.005 dated 29.03.2022 during the last 8 years.

EXECUTIVE SUMMARY

Under the Department of Urban Local Bodies, Corruption cases have not increased under jurisdiction of Municipal Council, Rewari during the last nine years. As per the directions of Hon'ble CM, the policy of zero tolerance against corruption is being pursued vigorously by the Department of Urban Local Bodies. Inquiries and investigations are being conducted proactively to fix the responsibility. Requisite follow–up action, as deemed fit, is being taken as per Service Rules and Civil and Criminal law to take the matter to its logical conclusion. As per the report of Municipal Council, Rewari, only one case was registered by Anti-Corruption Bureau, Gurugram vide FIR No 005 dated 29.03.2022 against its officials during the last 8 years.

नगर परिषदों में बढ़ते भ्रष्टाचार के मामले

*45 श्री. चिरंजीव राव (रेवाड़ी)

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या तथ्य है कि गत् 9 वर्षों के दौरान राज्य की नगर परिषदों में भ्रष्टाचार बढा है;

(ख) राज्य में भ्रष्टाचार को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं: तथा

(ग) गत् 8 वर्षों के दौरान रेवाड़ी नगर परिषद में सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के कितने मामले दर्ज किए गए हैं।

डॉ. कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

क) नही, श्रीमान।

ख) राज्य सरकार ने प्राधिकार के दुरुपयोग को रोकने के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित किया है। इसके अलावा, भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी शिकायत पर अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाती है।

ग) नगर परिषद रेवाडी की रिपोर्ट अनुसार, पिछले 8 वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरुग्राम द्वारा एफ0आई0आर संख्या. 005 दिनांक 29.03.2022 के माध्यम से नगर परिषद रेवाडी के अधिकारियों के खिलाफ केवल एक मामला दर्ज किया गया है।

कार्यकारी सारांश

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अंतर्गत नगर परिषद, रेवाडी के अधिकार क्षेत्र में पिछले नौ वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार के मामले नहीं बढ़े हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का सख्ती से पालन किया जा रहा है। जिम्मेदारी तय करने के लिए सक्रिय रूप से पूछताछ और जांच की जा रही है। मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने के लिए सेवा नियमों और नागरिक एवं आपराधिक कानून के अनुसार आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है। नगर परिषद, रेवाडी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 8 वर्षों के दौरान उसके अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरूग्राम द्वारा एफ0आई0आर संख्या 005 दिनांक 29.03.2022 के तहत केवल एक मामला दर्ज किया गया था।